निजी क्षेत्र की फर्मों का उत्तर प्रदेश के हरित ऊर्जा क्षेत्र में 19 हज़ार करोड़ रुपए निवेश करने का प्रस्ताव

चर्चा में क्यों?

3 अक्टूबर, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि निजी क्षेत्र की फर्मों ने राज्य के हरित ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 19,000 करोड़ रुपए का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है।

प्रमुख बिंदु

- इन प्रस्तावों में ग्रीनको और जेएसडब्ल्यू ग्रुप द्वारा विभिन्न अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में क्रमशः लगभग 13,000 करोड़ रुपए और 5,900 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं। यह पहली बार है कि उत्तर प्रदेश सरकार को घरेलू हरित ऊर्जा क्षेत्र में इतने बड़े निवेश प्रस्ताव मिले हैं।
- आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा में 450 गीगावाट (जीडब्ल्यू) और गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में 500 गीगावाट प्राप्त करने के केंद्र के व्यापक लक्ष्य के साथ संरेखित कर रहा है। यह अपने अंतर्राष्ट्रीय जलवायु और हरित ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने के लिये भारत की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।
- हरित ऊर्जा भविष्य में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में प्रमुख भूमिका निभाएगा।
- अगले साल मेगा यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के लिये राज्य सरकार हरित ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की कंपनियों को लुभाने के लिये सभी प्रयास कर रही है। राज्य जनवरी 2023 में घरेलू और बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) से नए निवेश प्रस्तावों में 10 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य बना रहा है।
- शिखर सम्मेलन को गति देने के लिये राज्य ने अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, स्वीडन, सिंगापुर, नीदरलैंड, इजराइल, फ्राँस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया सहित प्रमुख देशों में रोड शो आयोजित करने की योजना बनाई है।
- पिछले छह महीनों में राज्य ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित 55 निजी क्षेत्र की कंपनियों से 45,000 करोड़ रुपए के कुल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने का दावा किया है। इनमें हरित ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाएँ शामिल हैं।
- कॉसिस ग्रुप ने ग्रीन मास ट्रांजिट प्रोजेक्ट्स में 6,000 करोड़ रुपए का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है, जबकि वरुण बेवरेजेज चार अलग-अलग बेवरेज प्रोजेक्ट्स में लगभग 3,600 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इसी तरह जेके पेंट्स और कीयान डिस्टिलरीज अपनी परियोजनाओं में क्रमशः 600 करोड़ रुपए और 500 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र ने पिछले पाँच वर्षों में लगभग 95,000 करोड़ रुपए के अधिकतम निवेश प्रस्तावों को हासिल किया है। इनमें लगभग 20,000 करोड़ रुपए के कुल निवेश प्रोफाइल के साथ डेटा सेंटर स्पेस में सात परियोजनाएँ शामिल हैं। इनमें से पांच परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है, शेष दो को जल्द ही राज्य कैबिनेट की मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/proposal-to-invest-rs-19,000-crore-in-uttar-pradesh-s-green-energy-sector